भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 106**
उत्तर देने की तारीख 22.07.2024

**मयूरभंज, ओडिशा में पुस्तकालयों की स्थापना**

**106. श्री नव चरण माझी :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में पुस्तकालयों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;
(ख) राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के अंतर्गत राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेष रूप से ओडिशा के मयूरभंज जिले में स्थापित या प्रस्तावित केन्द्रीय पुस्तकालयों और जिला पुस्तकालयों की संख्या कितनी है; और
(ग) पुस्तकालयों की स्थापना के लिए प्रदत्त वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): भारत के संविधान की 7वीं अनुसूची के अनुसार, पुस्तकालय राज्य का विषय है और सार्वजनिक पुस्तकालय संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्राधिकरणों के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य करते हैं। अतः, पुस्तकालयों की संख्या में वृद्धि करना, राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नहीं आता है।

(ख): केन्द्रीय और जिला पुस्तकालयों की स्थापना करना भी राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नहीं आता है।

तथापि, संस्कृति मंत्रालय के नियंत्रणाधीन स्वायत्त निकाय, राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान (आरआरआरएलएफ) अपनी समतुल्य और गैर-समतुल्य स्कीमों के माध्यम से सार्वजनिक पुस्तकालयों को उनके विकास के उद्देश्य से वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) स्कीम, अपने एनएमएल मॉडल पुस्तकालय की स्थापना घटक के अंतर्गत, संबंधित राज्य प्राधिकरण की अनुशंसा के अनुसार प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में 1 राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय और 1 जिला पुस्तकालय तथा संस्कृति मंत्रालय द्वारा पहचान किए 6 पुस्तकालयों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

ओडिशा राज्य के संबंध में, राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार धनराशि संस्वीकृत और जारी कर दी गई है:

(करोड़ रुपये में)

| **राज्य का नाम** | **पुस्तकालय का नाम** | **संस्वीकृत राशि** | **जारी की गई कुल भुगतान राशि** | **जारी की गई राशि का प्रतिशत** |
|---|---|---|---|---|
| ओडिशा | एच. के. एम. राज्य पुस्तकालय, भुवनेश्वर | 2.30 | 1.330 | 59.64 |
| ओडिशा | जिला पुस्तकालय, गंजम | 0.403 | ओडिशा राज्य से दावा अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है | |

(ग): एनएमएल पुस्तकालयों की स्थापना करने के लिए निम्नलिखित घटकों के अंतर्गत 35 राज्य केन्द्रीय पुस्तकालयों और 35 जिला पुस्तकालयों तथा संस्कृति मंत्रालय द्वारा पहचान किए गए 6 पुस्तकालयों को सहायता प्रदान करता है:-

क) अवसंरचना में सुधार

ख) प्रौद्योगिकी का स्तरोन्नयन और सेवाओं का आधुनिकीकरण

ग) दिव्यांगजन समूहों के लिए सुविधाओं का सृजन

घ) स्थानीय आवश्यकता को पूरा करने के लिए पाठ्य संसाधनों का प्रापण और समर्थन एवं पहुंच।

अब तक प्रदान की गई सहायता का विवरण **अनुलग्नक-क** पर संलग्न है।

अनुलग्नक-क

**'मयूरभंज, ओडिशा में पुस्तकालयों की स्थापना' के संबंध में दिनांक 22 जुलाई, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 106 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एनएमएल मॉडल लाइब्रेरी की स्थापना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की गई**

(धनराशि रुपये में)

| क्र. सं. | राज्य | पुस्तकालय का नाम | संस्वीकृत धनराशि | जारी की गई कुल धनराशि | जारी की गई धनराशि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, पोर्ट ब्लेयर | 22300000.00 | 0.00 | 0 |
| 2 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | जिला पुस्तकालय, कार निकोबार | 8700000.00 | 0.00 | 0 |
| 3 | आंध्र प्रदेश | राज्य क्षेत्रीय पुस्तकालय, गुंटूर | 5000000.00 | 0.00 | 0 |
| 4 | आंध्र प्रदेश | क्षेत्रीय पुस्तकालय, राजमुंद्री | 3000000.00 | 0.00 | 0 |
| 5 | अरुणाचल प्रदेश | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, ईटानगर | 22300000.00 | 21970899.00 | 98.52 |
| 6 | अरुणाचल प्रदेश | जिला पुस्तकालय, पासीघाट | 8700000.00 | 8489949.00 | 97.59 |
| 7 | असम | जिला पुस्तकालय, जोरहाट, असम | 4000000.00 | 3999262.00 | 99.98 |
| 8 | असम | जिला पुस्तकालय, गुवाहाटी, असम | 7000000.00 | 6959420.00 | 99.42 |
| 9 | बिहार | जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, जमुई, बिहार | 8140646.00 | 6221336.00 | 76.42 |
| 10 | बिहार | जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, हाजीपुर, वैशाली | 8700000.00 | 5000000.00 | 57.47 |
| 11 | चंडीगढ़ | केन्द्रीय राज्य पुस्तकालय, चंडीगढ़ | 16450000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12 | चंडीगढ़ | प्रभागीय पुस्तकालय | 8272000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 13 | चंडीगढ़ | जिला पुस्तकालय, रायगढ़ | 8700000.00 | 4132000.00 | 47.49 |
| 14 | दमन एवं दीव | जिला पुस्तकालय, दीव | 8700000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 15 | दमन एवं दीव | केन्द्रीय पुस्तकालय, दमन | 22300000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 16 | गोवा | डॉ. फ्रांसिस्को लुई गोम्स जिला पुस्तकालय | 8700000.00 | 337722.00 | 3.88 |
| 17 | गोवा | कृष्णदास शामा राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय | 22300000.00 | 2167560.00 | 9.72 |
| 18 | गुजरात | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, गांधीनगर | 10403610.00 | 10100299.00 | 97.08 |
| 19 | गुजरात | राजकीय जिला पुस्तकालय, भावनगर | 8700000.00 | 8700000.00 | 100.00 |
| 20 | हरियाणा | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, अम्बाला छावनी | 22300000.00 | 12265000.00 | 55.00 |
| 21 | हरियाणा | जिला पुस्तकालय, नारनौल | 8400000.00 | 4620000.00 | 55.00 |
| **22** | **हिमाचल प्रदेश** | **राजकीय जिला पुस्तकालय, बिलासपुर** | **8686969.00** | **7466145.00** | **85.95** |
| **23** | **हिमाचल प्रदेश** | **केन्द्रीय राज्य पुस्तकालय, सोलन** | **22300000.00** | **0.00** | **0.00** |
| 24 | जम्मू और कश्मीर | गनी स्मारक संघ राज्य क्षेत्र केन्द्रीय पुस्तकालय, श्रीनगर | 22300000.00 | 10000000.00 | 44.84 |
| 25 | जम्मू और कश्मीर | जिला पुस्तकालय, सम्बा | 3250000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 26 | झारखंड | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, धनबाद | 22300000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 27 | झारखंड | जिला पुस्तकालय, पलामु | 8700000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 28 | कर्नाटक | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, बैंगलोर | 22300000.00 | 20000000.00 | 89.69 |
| 29 | कर्नाटक | जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, शिमोगा | 8700000.00 | 7925706.00 | 91.10 |
| 30 | केरल | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, तिरुवनंतपुरम | 11660882.00 | 11660882.00 | 100.00 |
| 31 | केरल | राज्य सार्वजनिक पुस्तकालय अनुसंधान केन्द्र | 3750428.00 | 2255357.00 | 60.14 |
| 32 | लक्षद्वीप | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, कवरत्ती | 16800000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 33 | लक्षद्वीप | जिला पुस्तकालय, कदमत | 2764000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 34 | मध्य प्रदेश | राजकीय जिला पुस्तकालय, खंडवा | 7320000.00 | 6559461.00 | 89.61 |
| 35 | मध्य प्रदेश | राजकीय श्री अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय, इंदौर | 8700000.00 | 4366850.00 | 50.19 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 36 | महाराष्ट्र | जिला पुस्तकालय, नंदूरबार, महाराष्ट्र | 2189507.00 | 1843460.00 | 84.20 |
| 37 | महाराष्ट्र | राजकीय प्रभागीय पुस्तकालय, औरंगाबाद | 6055240.00 | 5720714.00 | 94.48 |
| 38 | मणिपुर | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, इम्फाल, मणिपुर | 21886958.00 | 4525000.00 | 20.67 |
| 39 | मणिपुर | जिला पुस्तकालय, सेनापति, मणिपुर | 8553726.00 | 100000.00 | 1.17 |
| 40 | मेघालय | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, शिलांग | 22300000.00 | 2777000.00 | 12.45 |
| 41 | मेघालय | जिला पुस्तकालय, तुरा | 8700000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 42 | मिजोरम | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, आइजोल, मिजोरम | 14123565.00 | 13704485.00 | 97.03 |
| 43 | मिजोरम | जिला पुस्तकालय, कोलासिब, मिजोरम | 5000000.00 | 5000000.00 | 100.00 |
| 44 | नागालैंड | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, कोहिमा | 17749000.00 | 17548000.00 | 98.87 |
| 45 | नागालैंड | जिला पुस्तकालय, दीमापुर | 7381000.00 | 6974980.00 | 94.50 |
| 46 | ओडिशा | एच.के.एम. राज्य पुस्तकालय, भुवनेश्वर | 22300000.00 | 13300000.00 | 59.64 |
| 47 | ओडिशा | जिला पुस्तकालय, गंजम | 4036000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 48 | पुद्दुचेरी | रोमा रोलां, राज्य पुस्तकालय, राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय | 16647000.00 | 14236603.00 | 85.52 |
| 49 | पुद्दुचेरी | डॉ. एस. आर. रंगनाथन राजकीय सार्वजनिक पुस्तकालय, करइकल | 7604000.00 | 6617262.00 | 87.02 |
| 50 | पंजाब | गुरु नानक जिला पुस्तकालय, कपूरथला | 8700000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 51 | पंजाब | एमएम केन्द्रीय राज्य पुस्तकालय, पटियाला | 22300000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 52 | राजस्थान | डॉ. राधाकृष्णन राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, जयपुर | 18351000.00 | 9481000.00 | 51.66 |
| 53 | राजस्थान | राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय, कोटा | 6346000.00 | 6321059.00 | 99.61 |
| 54 | सिक्किम | सिक्किम राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, गंगटोक | 21720482.00 | 6529766.00 | 30.06 |
| 55 | सिक्किम | जिला पुस्तकालय, मंगन | 8658041.00 | 1078061.00 | 12.45 |
| 56 | तमिलनाडु | जिला पुस्तकालय, तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु | 7000000.00 | 6815635.00 | 97.37 |
| 57 | तमिलनाडु | जिला पुस्तकालय, वेलौर, तमिलनाडु | 8700000.00 | 7926873.00 | 91.11 |
| 58 | तेलंगाना | जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, महबूबनगर | 5200000.00 | 5000000.00 | 96.15 |
| 59 | तेलंगाना | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, हैदराबाद | 11225000.00 | 10372005.00 | 92.40 |
| 60 | त्रिपुरा | बीरचन्द्र राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय | 22300000.00 | 22292954.00 | 99.97 |
| 61 | त्रिपुरा | उनाकोटि जिला पुस्तकालय | 8700000.00 | 8691969.00 | 99.91 |
| 62 | उत्तर प्रदेश | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, प्रयागराज | 20600000.00 | 20375039.00 | 98.91 |
| 63 | उत्तर प्रदेश | राजकीय जिला पुस्तकालय, इटावा | 8700000.00 | 8592793.00 | 98.77 |
| 64 | उत्तराखंड | राजकीय जिला पुस्तकालय, सुमन पुस्तकालय, नई टिहरी | 8620000.00 | 5000000.00 | 58.00 |
| 65 | पश्चिम बंगाल | पश्चिम बंगाल राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय | 22281000.00 | 21981711.00 | 98.66 |
| 66 | पश्चिम बंगाल | उत्तर बंगाल राज्य पुस्तकालय, कूचबिहार | 8698000.00 | 7972889.00 | 91.66 |
| | | | **795224054.00** | **233215084.00** | |

## संस्कृति मंत्रालय के पहचान किए गए 6 पुस्तकालयों हेतु एनएमएल मॉडल पुस्तकालय की स्थापना के अंतर्गत प्रदत्त वित्तीय सहायता

| क्र. सं. | संस्कृति मंत्रालय के पुस्तकालय का नाम | संस्वीकृत राशि (लाख रुपये में) | जारी की गई राशि (लाख रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता | 431.04 | 84.67 |
| 2 | केन्द्रीय सचिवालय ग्रंथागार, नई दिल्ली | 207.38 | 126.28 |
| 3 | दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, नई दिल्ली | 391.37 | 274.19 |
| 4 | खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना (बिहार) | 398.78 | 199.39 |
| 5 | तंजावुर एमएसएसएम पुस्तकालय, तंजावुर (तमिलनाडु) | 715.20 | 667.48 |
| 6 | रामपुर रजा पुस्तकालय, रामपुर (उत्तर प्रदेश) | 724.20 | **शून्य** |